हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

**रोहतक,** शुक्रवार 30 जनवरी 2026

**तापमान**

अधिकतम 18.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

10 हर शिकायत का हल करने के लिए प्रशासन..



10 जैविक खाद टिकाऊ खेती का मजबूत आधार



## खबर संक्षेप

### प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम आज

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि 30 जनवरी को जींद खंड के घिमाना जुलाना खंड के बूराडैहर तथा नरवाना खंड के बद्दोवाल गांव में रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। इन रात्रि ठहराव में संबंधित एसडीएम आमजन की समस्याओं को सुनकर उनका निवारण करेंगे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इन रात्रि ठहराव में अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

### अवैध असला रखने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक आरोपी को 315 बोर अवैध देसी पिस्तौल सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में एचसी हरीश कुमार की टीम सायंकालीन गस्त दौरान गांव गढ़ी बस अड्डा पर मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस टीम को गुप्त जानकारी मिली थी।

### मकान से जेवरात और नकदी चोरी, केस दर्ज

**जींद।** गांव ईक्कस में घर से सोने व चांदी के जेवरात तथा नगदी के गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जाच शुरू कर दी है। गांव ईक्कस निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक निजी संस्थान में नौकरी करता है। गत दिवस उसकी पत्नी अलमारी मे सामान को देख रही थी।

### डोडा चुरापोस्त सप्लाई मामले में आरोपी पकड़ा

**कैथल।** थाना चीका पुलिस एसएचओ पीएसआई अमन कुमार की अगुवाई में एएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम द्वारा डोडा चुरापोस्त सप्लायर आरोपी बिच्छियां निवासी राममेहर को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 27 अगस्त को थाना चीका पुलिस के एएसआई जसबीर सिंह की टीम रात्रिकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिली थी।

### विधवा महिला व बच्चों से ज्यादती करने पर केस

**जींद।** गांव कारखाना में विधवा महिला तथा उसके नाबालिग बच्चों का जमीन व मकान छीनने की कोशिश करने, 45 लाख रुपये हडपने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ जेजे एक्ट समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कोटड़ा ग्राम सचिवालय से हजारों का सामान चुराया

**कैथल।** जिले में अलग- अलग स्थानों से चोर हजारों का सामान चुराकर ले गए। राजौंद थाना पुलिस को दी पहली शिकायत में खंड विकास पंचायत अधिकारी अन्नू ने बताया कि 28 जनवरी को जब कोटड़ा ग्राम सचिवालय में सुबह आकर देखा तो वहां से कंप्यूटर, प्रिंटर, सीपीयू व अन्य सामान गायब था। 27 जनवरी की रात को चोर यह सामान चोरी कर ले गए।

### हत्या मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** थाना पुंडरी क्षेत्र में एक युवक की हत्या करने के मामले की जांच थाना पुंडरी पुलिस एसएचओ इंस्पेक्टर शिवकुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव बरसाना निवासी अरनल उर्फ अंशुल तथा गुरदीप को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव मोहना निवासी संजय कुमार की शिकायत पर केस किया था।

### गाड़ी से टक्कर मारने का लगाया आरोप

**जींद।** नरवाना हरियल चौक पर महिला के साथ मारपीट करने तथा गाड़ी से टक्कर मारने पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने दंपत्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। धर्म सिंह कालोनी निवासी सुनील ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मां हरियल चौक पर उसकी मां राजबाला की छन्नो से कहासुनी हो गई।

# दिन में तेज धूप-रात में ठंड कर रही बीमार, सर्दी, खांसी व खराश के मरीज बढ़े

## *नागरिक अस्पताल की ओपीडी 1264, सौ से अधिक लोग वायरल से उपचार के लिए पहुंचे*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिन में तेज धूप निकलने और रात में सर्दी लोगों को बीमार कर रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वीरवार को जींद नागरिक अस्पताल की कुल ओपडी 1264 रही। जिसमें से सौ से अधिक मरीज ऐसे थे, जिन्होंने बुखार, सर्दी, खांसी, शरीर में जकडन्न को लेकर उपचार के लिए पर्ची कटवाई। इसके साथ ही सर्दी खांसी के मरीजों की ओपीडी बढ़ गई है। इमरजेंसी में भी सांस की तकलीफ को लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। इंफेक्शन अधिक होने के कारण सर्दी, जुखाम, खांसी के मरीजों को ठीक होने में ही एक सप्ताह का समय लग रहा है। ऐसे में चिकित्सकों की सलाह है कि मौसम को देखते हुए विशेष ध्यान रखें और गरम पेय पदार्थों का सेवन करें। ओपीडी 1500 से कम, सौ से अधिक मरीज सर्दी, बुखार से पीड़ित नागरिक अस्पताल में इन दिनों प्रतिदिन ओपीडी 1500 से के आसपास रह रही है। हालांकि सोमवार व शनिवार को यह संख्या बढ़ जाती है। वीरवार को लगभग सौ मरीज ऐसे हैं जिन्हें वायरल है या फिर सर्दी, खांसी, जुखाम है। वहीं पिछले एक सप्ताह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार चढाव बना हुआ है। वीरवार को अधिकतम तापमान 19 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रह रहा है। जिसके चलते इस समय सर्दी, जुखाम, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 100 से 150 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं जिन्हें या तो बुखार है या फिर सर्दी या खांसी है।



जींद। नागरिक अस्पताल में दवा लेने के लिए लगी लंबी लाइन। फोटो :हरिभूमि

### पिछले एक सप्ताह का तापमान

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 29 जनवरी | 19 डिग्री | 08 डिग्री |
| 28 जनवरी | 18 डिग्री | 08 डिग्री |
| 27 जनवरी | 17 डिग्री | 09 डिग्री |
| 26 जनवरी | 17 डिग्री | 09 डिग्री |
| 25 जनवरी | 17 डिग्री | 04 डिग्री |
| 24 जनवरी | 13 डिग्री | 04 डिग्री। |

### इन बातों का रखें ध्यान

नागरिक अस्पताल की फिजिशियन डा. विनिता ने बताया कि इस समय दिन के समय अधिक व रात के समय न्यूनतम तापमान कम है। जो कि वारयल फीवर का कारण बना हुआ है। प्रतिदिन सौ के लगभग मरीज ऐसे आते हैं जिन्हें सांस लेने, खांसी, जुखाम, बदन दर्द, गला दर्द जैसी कई समस्याएं होती हैं। हमे तापमान को देखते हुए अपने स्वास्थ्य की विशेष ध्यान रखने की जरूरत है। बुखार होने पर तुरंत चिकित्सक से उपचार करवाना चाहिए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

# 839 लीटर घी को सीज किया, फर्मों को नोटिस

■ पंचकूला से आई टीम ने पिल्लूखेड़ा में दो घी की फैक्ट्रियों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिल्लूखेड़ा में मिलावटी घी बनाए जाने की सूचना पर पंचकूला से आई टीम ने दो फैक्ट्रियों पर दबिश दी। टीम ने यहां मौजूद घी के तीन सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेज दिए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। दोनों फर्मों में अनियमितताएं पाए जाने पर उन्हें नोटिस भी जारी किए गए हैं। पंचकूला से एक टीम ज्वायंट कमिश्नर फूड एंड सेफ्टी हरियाणा पृथ्वी सिंह के नेतृत्व में पिल्लूखेड़ा पहुंची। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. राजेश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. संदीप कुमार और अन्य सदस्य मौजूद रहे। टीम ने पिल्लूखेड़ा मंडी में स्थित दो निर्माण इकाइयों मेसर्स जय दुर्गा फूड प्रोडक्ट्स और मेसर्स तायल ट्रेडिंग कंपनी का निरीक्षण किया गया। दोनों ही जगहों पर देशी घी को तैयार किया जा रहा था। टीम ने देशी घी के तीन सैंपल और वनस्पति घी का एक सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा। टीम ने दोनों जगहों से 272 लीटर देशी घी, प्रशांत एगमार्क गाय का घी 168 लीटर, एमएस तायल ट्रेडिंग कंपनी से 32 लीटर घी सहित कुल 839 लीटर घी को सीज किया है।

### जांच के लिए भेजा

पंचकूला से एक टीम ज्वायंट कमिश्नर फूड एंड सेफ्टी हरियाणा पृथ्वी सिंह ने बताया कि दोनों फैक्ट्रियों से लिए गए सैंपल को विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक हरियाणा चंडीगढ़ सरकारी खाद्य प्रयोगशाला भेजा गया है। एफएसएसएआई और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग हरियाणा की ऑनलाइन खाद्य सुरक्षा अनुपालन प्रणाली की जांच की भी यहां जांच की है। जिसमें कई अनियमितताएं पाई गईं और दोनों फर्मों को नोटिस जारी किए गए। सैंपलों की विश्लेषण रिपोर्ट और खाद्य व्यवसाय संचालकों के जवाब मिलने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### नेशनल हाईवे पर सड़क दुर्घटना में किसान की मौत

**कलायत।** कलायत के गांव पिंजुपुरा के नजदीक नेशनल हाई-वे पर सडक दुर्घटना में एक किसान की मौत हो गई। मृतक के पुत्र गुरमीत ने बताया की दुर्घटना के समय उसके पिता सुभाष व माता अपने खेत से पशुओं के लिए चारा लेकर वापिस आ रहे थे। गांव के पास कॉटन मिल के पास सर्विस रोड़ पर जब वे पहुंचे तो किसी तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। दुर्घटना होते ही आसपास के लोगों ने उसे संभाला। दुर्घटना में सुभाष को गंभीर चोट आईं और घायल सुभाष को परिजन नागरिक अस्पताल कैथल लेकर गए। चिकित्सा के दौरान गंभीर रूप से घायल सुभाष ने अपनी अंतिम सांस ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव को परिवार के हवाले कर दिया। बृहस्पतिवार को मृतक का गांव में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

# पट्टी फैक्टरी में आग लगने से तीन मजदूर झुलसे, सामान-मशीनें खाक

## *शार्ट सर्किट या मशीन से निकली चिंगारी से आग की संभावना*

**घायलों का नागरिक अस्पताल सफीदों में चल रहा इलाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के गैस एजेंसी रोड पर वीरवार दोपहर बाद पट्टी फैक्टरी में संदिग्ध हालात में आग लग गई। जिसमें तीन मजदूर आंशिक तौर पर झुलस गए और अंदर रखा माल तथा मशीनें जल गई। झुलसे मजदूरों को सफीदों के नागरिक अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है। फायर बिग्रेड की गाडी ने मौके पर पहुच कर आग पर काबू पाया। सफीदों के गैस एजेंसी रोड पर पट्टी फैक्टरी में वीरवार दोपहर बाद अचानक आग भड़क उठी। घटना के दौरान फैक्टरी मे तीन सौ मजदूर कार्य कर रहे थे। आग इतनी जल्दी फैली कि मजदूरो को मुशिकल से सभलने की मौका मिला। वहां मजदूरों ने आग पर काबू पाने की कोशिश भी की लेकिन आग फैलती चली गई। आग बुझाने के दौरान मजदूर गांव खेड़ा खेमावती निवासी विक्की (27), गांव रोझला निवासी सोमबीर व एक अन्य मजदूर आंशिक तौर पर झुलस गए। जिन्हें उपचार के नागरिक अस्पताल सफीदों ले जाया गया। घटना की सूचना पाकर डायल 112 तथा फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। आग के कारण मशीनें तथा भारी मात्रा में तैयार तथा कच्चा माल जल कर राख हो गया।



जींद। आग से फैक्टरी में जला सामान। फोटो :हरिभूमि

### धुएं के बीच मुश्किल से बाहर निकले

मजदूरों ने बताया कि काम ठीक तरीके से चला हुआ था कि अचानक पट्टियों के रोल में आग भड़क उठी तथा अन्य रोल तथा मशानों को चपेट में ले लिया। वे धुएं के बीच मुशिकल से बाहर निकले। उन्होंने बताया कि काई ज्वलनशील पदार्थ भी नही था। आशंका जताई जा रही है कि शार्ट सर्किट या मशीन से निकली चिगारी से आग लगी है। फैक्टरी में लगी आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।



कलायत। कैलरम के पास कबाड़ के गोदाल में लगी आग। फोटो :हरिभूमि

### प्लास्टिक कबाड़ के गोदाम में लगी आग

**कलायत।** कलायत के गांव कैलरम के पास नेशनल हाईवे-152 पर एक प्लास्टिक कबाड़ के गोदाम में सुबह भीषण आग लग गई। आग इस कदर प्रचंड थी कि देखते ही देखते लाखों रुपये का प्लास्टिक सहित एकत्रित किया गया अन्य सामान जलकर राख हो गया। हादसे के समय गोदाम में कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। नाजुक स्थिति को देखते पास बनी झुग्गियों को समय रहते खाली करा लिया गया। जिससे कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। इस तरह 3 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार सुबह करीब 3 बजकर 30 पर गोदाम से धुआं निकलता देखा गया। प्लास्टिक होने के कारण आग ने तेजी पकड़ी और आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया। हाईवे पर विजिबिलिटी कम होने के कारण पुलिस को ट्रैफिक की गति धीमी करानी पड़ी। दमकल की 4-5 गाड़ियों ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों और संचालकों ने बताया कि दमकल की प्रभावी व्यवस्था न होने के कारण हालात इस कदर खराब हुए। गुरमेल, बलिंदर व सुनील ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। घटना को लेकर पुलिस और संबंधित विभाग गोदाम की स्थिति की जांच कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल नुकसान का आकलन किया जा रहा है जो लाखों में बताया जा रहा है।

# 40 किलो चांदी लूट की घटना निकली ड्रामा

■ सेल्समैनों ने चांदी के बढ़ते रेट देख लालच में बनाई लूट की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों के बुढ़ाखेड़ा के निकट तीन दिन पहले हुई 40 लाख रुपये कीमत चांदी की लूट की घटना ड्रामा निकली है। दोनों सेल्जमैन ने चांदी के भाव उछाल को देखते हुए उसे हड़पने के लिए लूट का ड्रामा रचा था। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर सात किलो 906 ग्राम चांदी को बरामद कर लिया है। पुलिस ने दोनों सेल्जमैन के खिलाफ मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। श्याम नगर कालोनी निवासी सन्नी ने गत 27 जनवरी को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपने साथी गांव राजपुरा भैण निवासी संदीप दिल्ली की केसरी इंटरप्राइजिज से चांदी के लोकेट व अंगूठी लेकर जींद व आसपास के शहरों में सप्लाई करते हैं। 26 जनवरी देर रात को वे चांदी के जेवरात असंध तथा सफीदों में मार्केटिंग कर घर लौट रहे थे। गांव बुढाखेड़ा के निकट दो बाइकों पर सवार चार नकाबपोश युवकों ने बीस किलो चांदी को लूट लिया और फरार हो गए। सदर थाना सफीदों पुलिस ने सन्नी की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया था। दोनों युवकों के हावभाव तथा बातों में भिन्नता पर पुलिस को संदेह हुआ। जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों से सख्ती से पूछताछ की। जिस पर दोनों टूट गए और लूट के ड्रामे का रहस्य बता दिया। दोनों आरोपित दिल्ली की फर्म पर पिछले चार साल से काम कर रहे थे और कमीशन पर चांदी जेवरातों की मार्केटिंग करते थे। आरोपित गत 20 जनवरी को बीस किलोग्राम चांदी के जेवरात लाए थे। जिसमें से उन्होंने कुछ जेवरात को बेच दिया। फिर चांदी की बढ़ती कीमतों को देखते हुए उसे हड़पने की योजना बना ली। फिर लूट का ड्रामा करते हुए पुलिस में मुकद्मा दर्ज करवा दिया।



मामले की जानकारी देते एसपी कुलदीप सिंह।

### आरोपितों से पूछताछ जारी

एसपी कुलदीप सिंह ने बताया कि लालच में आकर दोनों सेल्जमैनों ने लूट का ड्रामा किया था ताकि चांदी को हड़पा जा सके। गुत्थी को सुलझा लिया गया है। लगभग आठ किलोग्राम चांदी बरामद कर ली गई है। आरोपितों से पूछताछ की जा रही है।



कैथल। डीसी अपराजिता राजकीय स्कूल का दौरा करते। फोटो :हरिभूमि

### दस दिन में बाल भवन के कायाकल्प के आदेश

**कैथल।** डीसी अपराजिता ने वीरवार को जिला बाल भवन एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंबर चार अमरगढ़ गामड़ी का औचक निरीक्षण किया। दोनों ही संस्थानों में साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया और अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। अव्यवस्थाओं को लेकर जिला बाल कल्याण अधिकारी, बाल भवन में बच्चों को पढ़ाने वाली अध्यापिका व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नंबर चार की प्रभारी को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगने सहित विद्यालय के सफाई कर्मचारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं। डीसी सबसे पहले बाल भवन पहुंचीं। जहां वे कक्षा कक्ष में पहुंचीं तो वहां बच्चों को टीवी पर दिखाए जा रहे कार्टून पर डीसी ने सख्त निर्देश दिए कि बच्चों को शारीरिक गतिविधियां ज्यादा करवाएं, टीवी कम से कम दिखाएं। इसके बाद यहां रखी अलमारी खोलकर देखी। जिसमें कंबल, चाय बनाने का सामान व अन्य स्टेशनरी अव्यवस्थित तरीके से रखी हुई मिली थी।

## तीन दिवसीय राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ

# 30 शिक्षण संस्थानों के 100 बॉक्सर दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय कॉलेज में उच्चतर शिक्षा निदेशालय द्वारा प्रायोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. अभिषेक गोयल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में राज्य के 30 विभिन्न शिक्षण संस्थानों के लगभग 100 बॉक्सर हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें 65 पुरुष व 35 महिला बॉक्सर शामिल हैं। प्रतियोगिता के प्रथम दिन विभिन्न भार वर्गो में कुल 14 मुकाबले आयोजित किए गए। पुरुष वर्ग के 50-55 किग्रा में सीआरएसयू, जींद का आर्यन व महिला वर्ग में एमकेजेके, रोहतक की नीलाक्षी विजेता बनी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोज भांबू ने कहा कि कॉलेज शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का निरंतर आयोजन करता रहता है और भविष्य में भी करता रहेगा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में जिला खेल एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी राजेंद्र सिंह, बाक्सिंग कोच विक्रम ढुल, गुरमीत सिंह, अमरजीत सिंह, संदीप पानू, स्वीटी पांचाल, जगमोहन, राहुल ढांडा, महेंद्र सिंह, सुनील डांगी, मनदीप एवं रणधीर सिंह का सराहनीय योगदान रहा।



राज्य स्तरीय इंटर कॉलेज बॉक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अधिकारी।

### ये रहे प्रथम दिन के परिणाम

पुरुष वर्ग में 50-55 किग्रा में सीआरएसयू, जींद का आर्यन, 55-60 किग्रा में दयानंद कॉलेज, हिसार का साहिल, 60-65 किग्रा में केएमसी, नरवाना का नितिन, 60-65 किग्रा में जाट कॉलेज, हिसार का मोहित, 65-70 किग्रा में सैनी कॉलेज, रोहतक का साहिल, 70-75 किग्रा में डिफेंस कॉलेज, टोहाना का साहिल सिहाग, 70-75 किग्रा में गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार का आदित्य, 75-80 किग्रा में केवीएम कॉलेज, नरवाना का नवदीप, 80-85 किग्रा में राजकीय कॉलेज हांसी का अश्विनी, व 80-85 किग्रा में राजकीय कॉलेज, हिसार का रक्षित विजेता बना। इसके साथ ही महिला वर्ग में 45-48 किग्रा में एमकेजेके, रोहतक की काजल, 51-54 किग्रा में एमकेजेके, रोहतक की नीलाक्षी, 57-60 किग्रा में दयाल सिंह कॉलेज, करनाल की आंचलव 65-70 किग्रा में दयानंद कॉलेज हिसार की नेहा विजेता बनी।



कैथल। ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के कर्मचारी धरना देते ।

### हड़ताल में बिजली कर्मचारी बढ़-चढ़कर लेंगे भाग

**कैथल।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन ने सर्कल स्तर पर 11 बजे से 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल की गई। भूख हड़ताल का मुख्य एजेंडा ऑनलाइन तबादलों पर बिजली विभाग में रोक लगाने व माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने आदि मांगो को लेकर पूरे प्रदेश में सर्कल पर धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता सर्कल सचिव कृष्ण चंदाना ने और मंच संचालन केंद्रीय कमेटी सदस्य बलजिंदर सीडा ने किया। कर्मचारियों को संबोधित करते राज्य उपप्रधान स्वराज सिंह ने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा ऑनलाइन तबादले शुरू किए जा रहे है।बिजली विभाग में लाइन स्टाफ की ऑनलाइन बदली की वजह से एक्सीडेंट रेशों को बढ़ावा देगी क्योंकि जो भी साथी बदली के बाद नई लाइन पर जाएगा तो वहां गलती की गुंजाइश ज्यादा रहेगी। जिला प्रधान ओमपाल भाल, सहसचिव शीशराम जेई,सिटी 1 के प्रधान भारत एसएसए,सिटी 2 के प्रधान भूषण आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### गाली-गलौज करने पर एक व्यक्ति नामजद

जींद। गांव गांगोली में रात को मकान के बाहर खड़े होकर गाली गलौज करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव गांगोली निवासी शोभापति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात उनके पडोसी नसीब ने उनके मकान के सामने खड़े हो कर गाली गलौज की। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपित ने बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

### युवती संदिग्ध हालात में लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव शाहपुर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव शाहपुर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जनवरी को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी को कोई सुराग नही लगा। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हैफेड कर्मियों ने भेजा मांगों को लेकर ज्ञापन

जींद। अनुबंध कर्मचारी संघ हैफड हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की कैथल में हुई प्रदेश कार्य समिति की बैठक के निर्णय के अनुसार वीरवार को हैफेड कर्मचारियों ने अपनी मांगों और समस्याओं का ज्ञापन डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव व सहकारिता मंत्री को भेजा।

### सीआरएसयू में 100 कुंडिया हवन एक को

जींद। नो नशा नेशन अभियान के अंतर्गत आर्य युवा समाज डीएवी पब्लिक स्कूल अर्बन एस्टेट जींद के छात्रों द्वारा एक फरवरी को चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के प्रांगण में 100 कुंडिया हवन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रामपाल सिंह सैनी करेंगे। हरियाणा सूचना आयोग के सदस्य कर्मवीर सैनी और हरियाणा साहित्य और संस्कृत अकादमी पंचकूला के निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी विशिष्ट अतिथि होंगे।

### विवि के शिक्षा विभाग में शैक्षणिक ऑडिट संपन्न

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रोए राम पाल सैनी के मार्गदर्शनमें शिक्षा विभाग संकाय में शैक्षणिक गुणवत्ताए अनुसंधान तथा शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं गतिमान बनाने के उद्देश्य से शैक्षणिक आडिट का आयोजन तार्किक एवं तकनीकी रूप से सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह शैक्षणिक प्रक्रिया विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप शिक्षा क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए आयोजित की गई।

### नगूरां आंगनबाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम

जींद। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला की अध्यक्षता में नैशनल गर्ल्स चाइल्ड डे अर्बन बीबीबीपी प्रोग्राम बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ में साप्ताहिक जिला स्तरीय कार्यक्रम में अलेवा ब्लॉक नगरां के आंगनबाड़ी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### पेंशनर्स का एलटीसी भत्ता 3000 किया जाए

जींद। जिला जींद पेंशनर्ज समाज की बैठक भलेराम बूरा की अध्यक्षता में ब्राह्मण धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का संचालन योगाचार्य जोरा सिंह आर्य व सुरेंद्र वर्मा ने किया। बैठक में सरकार से अपनी मांगे मनवाने के बारे में विचार विमर्श हुआ व सरकार से अनुरोध किया गया कि रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगे शीघ्रतापूर्वक मान ली जाएं। उन्होंने मांग की कि एलटी भत्ता भी जिन रिटायर्ड कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है, उनके परिवार को दी जाए।

### 108 कुंडीय महायज्ञ जींद की धरा पर 18 फरवरी से

जींद। हुडा ग्राउंड एकलव्य स्टेडियम में 18 से 27 फरवरी तक जगतगुरु त्रिपुरा पीठाधीश्वर चक्रवर्ती यज्ञ सम्राट श्रीश्री 1008 श्री हरिओम महाराज के सानिध्य में क्षेत्र की शांति के लिए होगा शिव शक्ति जनकल्याण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

## समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं आमजन की समस्याएं

# हर शिकायत का हल करने के लिए प्रशासन मुस्तैद : इमरान

**मजदूरों का वेतन जल्द से जल्द दिलवाया जाए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का समाधान करने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का समय पर निपटान हो इसके लिए समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान करते हुए लोगों को राहत पहुंचाई जा रही है। हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में जनसेवा की दिशा में निरंतर कदम बढ़ा रही है और समाधान शिविर लोगों की समस्याओं के निराकरण का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। डीसी मोहम्मद इमरान रजा वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय में समाधान शिविर में आमजन की समस्याओं को सुनने के दौरान कही। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

### शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें

समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत का त्वरित आधार पर समाधान करना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में गांव डाहौला निवासी सेवा ने डीसी के समक्ष अपनी शिकायत में कहा कि मेरे मकान के पास सड़क को नीचा किया जाए, सड़क ऊंची होने के कारण मेरे मकान के पास पानी खड़ा हो जाता है। इस शिकायत पर डीसी ने संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द से जल्द इसका उचित समाधान करना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत गतौली के निवासियों द्वारा खेतों में पानी ठहरने की शिकायत रखी। उन्होंने बताया कि हमारे गांव के कुछ खेतों में पानी एकत्रित हो जाता है, जिसकी वजह से फसल खराब हो रही हैए इस पानी को निकलवाया जाए ताकि हमारी फसल खराब ना हो। इस शिकायत पर डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे पंप, जनरेटर इत्यादि के माध्यम से किसानों के खेतों से पानी निकलवाना सुनिश्चित करें ताकि किसानों की फसल खराब ना हो। राम नगर निवासी अतर सिंह द्वारा प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने बारे अपनी शिकायत रखी। जिसको लेकर डीसी द्वारा नगर परिषद के अधिकारियों को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। वर्ष 2024 में बरसाती मौसम में लगाए गए मजदूरों का वेतन न मिलने बारे गांव हाट निवासी आजाद द्वारा शिकायत रखी गई। इस शिकायत पर डीसी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मजदूरों का वेतन जल्द से जल्द दिलवाया जाए और उसकी रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। तांगा चैंक निवासी जींद की महिला शैली मंगला द्वारा प्लाट के अंदर लगे खंभे को हटवाने बारे डीसी के समक्ष अपनी शिकायत रखी। जिस पर डीसी ने संज्ञान लेते हुए दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर जा कर इसका मुआयना करें। अगर खंभा महिला के प्लाट में लगा हुआ है तो तुरंत हटवाएं।

### स्थायी समाधान करें

गांव किलाजफरगढ़ निवासी सुमीत द्वारा गांव किलाजफरगढ़ में लोकल बसों का पुल के नीचे संचालन व पुराना बस अड्डा पर बसों का ठहराव करने बारे अपनी शिकायत रखी। जिस पर डीसी ने संज्ञान लेते जीएम रोडवेज को निर्देश दिए कि वे शिकायत का स्थाई समाधान करना सुनिश्चित करें। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जनता व प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करते हुए लोगों की समस्याओं का निवारण व सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाने के लिए जिला व उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि लोगों को एक स्थान पर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निवारण किया जा सके। कहा कि शिविर में अधिक्तर शिकायतों का मौके पर ही निपटान किया और शेष बची शिकायतों के लिए अधिकारियों को मौके पर ही दिशा-निर्देश जारी किए गए और कहा कि शिकायतों को सभी अधिकारी गम्भीरता से लें। जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान, जिला नगर आयुक्त सुरेन्द्र दुहन, नगराधीश मोनिका रानी, जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार, डीएसपी संदीप कुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जलनिकासी व्यवस्था ठप, दुकान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना कस्बे के मेन बाजार में निकासी व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है जिसके चलते दुकानदारों और ग्राहकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार में पानी की निकासी का कोई पुख्ता इंतजाम न होने के कारण हल्की बारिश या पानी भरने की स्थिति में दुकानों के आगे जलभराव हो जाता है। इससे न केवल आवागमन प्रभावित होता है बल्कि दुकानदारों का व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार बीडीपीओ कार्यालय में लिखित व मौखिक शिकायतें दी हैं लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। बाजार में जमा गंदा पानी बदबू फैलाने के साथ-साथ बीमारियों को भी न्योता दे रहा है। ग्राहक गंदगी और जलभराव के कारण बाजार में आने से कतराने लगे हैंए जिससे उनकी आमदनी में भारी गिरावट आई है। नरेंद्र ढांडा, अशोक, भुपेंद्र, सुरेश, जगदीश आदि दुकानदारों ने बताया कि निकासी व्यवस्था न होने से दुकानों के अंदर तक पानी घुस जाता है, जिससे सामान खराब होने का खतरा बना रहता है। आर्थिक मंदी के इस दौर में पहले ही व्यापार कमजोर चल रहा है। ऊपर से यह समस्या दुकानदारों के लिए दोहरी मार साबित हो रही है। दुकानदारों ने प्रशासन से जल्द से जल्द स्थायी समाधान की मांग की है वहीं बाजार में आने वाले ग्राहकों को भी कीचड़ और पानी से होकर गुजरना पड़ता है। जिससे उन्हें भी असुविधा होती है। मैन बाजार कस्बे का सबसे व्यस्त और प्रमुख क्षेत्र है। बावजूद इसके यहां बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी की जा रही है।



जींद। बैठक में भाग लेते पेंशनर्ज। फोटो :हरिभूमि

### वेतन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए

जींद। स्थानीय अक्षर भवन शिव कालोनी में रिटायर्ड कर्मचारी संघ ब्लॉक जींद कार्यकारिणी की बैठक प्रधान कर्मवीर सिंह संधू की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन खंड सचिव महेंद्र सिंह बिश्नोई ने किया। उन्होंने बताया कि आने वाली 12 फरवरी को होने जा रही देशव्यापी हड़ताल में रिटायर्ड कर्मचारी संघ बढ़चढ़ कर भाग लेगा और खंड जींद के सैंकड़ों रिटायर्ड कर्मचारी प्रदर्शन में हिस्सेदारी करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए खंड प्रधान कर्मवीर सिंह संधू ने कहा कि रिटायर्ड कर्मचारी संघ मांग करता है कि आठवें वेतन आयोग में पारित वित्त विधेयक 2025 को वापस लिया जाए और सरकारी कर्मचारियों के समान सारी सुविधाएं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी उपलब्ध करवाई जाएं तथा वेतन आयोग की रिपोर्ट को ठीक समय पर लागू किया जाए।

### बाल विवाह मुक्ति रथ 200 गांव-शहरों का करेगा भ्रमण

जींद। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन एवं एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा संचालित बाल विवाह मुक्ति रथ को महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी ने स्थानीय अर्बन एस्टेट में हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने रथ के हस्ताक्षर बोर्ड पर शुभकामना संदेश लिखकर हस्ताक्षर भी किए। इसके बाद श्रुति चौधरी ने सोशल मीडिया के फेसबुक एवं ट्विटर अकाउंट से भी इस रथ की तस्वीरें पोस्ट करते अभियान की सफलता की शुभकामनाएं दी हैं। इसके लिए जेआरसी के संस्थापक भुवन रिभु एवं एमडीडी ऑफ इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्र सिंह मान ने श्रुति चौधरी एवं सरकार का आभार व्यक्त किया है। भारत सरकार के इसी अभियान का समर्थन करते एमडीडी आफ इंडिया एवं इसके राष्ट्रीय सहयोगी जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने 17 जिलों सहित देश के 451 जिलों में बाल विवाह मुक्ति रथ का संचालन करने का कार्यक्रम तय किया है।

### लंबित इंतकाल केस निपटाने के लिए शिविर के निर्देश

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी निरंतर विशेष शिविरों का आयोजन करके लंबित इंतकाल के केसों को निपटाए ताकि आम नागरिकों को समय पर इसका लाभ मिल सके। जिला में आधुनिक मशीनों के माध्यम से भूमि की निशानदेही का कार्य किया जाए। इस कार्य को और अधिक सुचारू रूप से करवाने के लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की विशेष ट्रेनिंग भी करवाई जाएगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हिसार मंडलायुक्त रवि प्रकाश गुप्ता ने वीडियो कॉन्फ्रेंरसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




जींद। वीसी में भाग लेते हुए डीसी। फोटो :हरिभूमि




जुलाना। जुलाना में सांग का मंचन करते कलाकार। फोटो :हरिभूमि

### जुलाना में सतवंती देवी सांग का मंचन

जुलाना। जुलाना कस्बे के मेन बाजार में हरियाणवी लोककला सांग की परंपरा को जीवंत करते सतवंती देवी सांग का मंचन किया गया। सांग को देखने के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। सांग कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय संवाद अदायगी और भावपूर्ण गायन के माध्यम से सतवंती देवी के चरित्र को जीवंत कर दिया। सांग के माध्यम से नारी शक्ति, त्याग, सच्चाई और सामाजिक मूल्यों का संदेश दिया गया। कलाकारों ने बताया कि सतवंती सांग केवल मनोरंजन का साधन नहीं हैए बल्कि यह समाज को सही दिशा देने का माध्यम भी है। कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर प्रस्तुति दी। जिससे दर्शकों को हरियाणवी संस्कृति की झलक देखने को मिली। ढोलक, हारमोनियम और नगाड़े की थाप पर गाए गए गीतों ने माहौल को और भी रोमांचक बना दिया।

### प्रदर्शनी में सूरज और विधि प्रथम

जींद। राजकीय महाविद्यालय जींद में कार्यकारी प्राचार्य रणधीर खटकड़ की अध्यक्षता में वीरवार को इंट्रा कॉलेज साइंस एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान, मनोविज्ञान, भूगोल और कंप्यूटर साइंस के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान और समाज से जुड़े विषयों पर अपने मॉडल प्रस्तुत किए। इनमें सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण, स्मार्ट कृषि, सोशल मीडिया का प्रभाव, इलेक्ट्रिक वाहन, कचरा प्रबंधन और अपशिष्ट से बिजली उत्पादन जैसे विषय शामिल रहे। विद्यार्थियों ने अपने मॉडल सरल तरीके से समझाए। प्रदर्शनी में भूगोल विभाग के विद्यार्थियों सूरज और विधि ने सतत विकास विषय पर प्रथम स्थान प्राप्त किया।



जींद। साइंस एग्जिबिशन का निरीक्षण करते प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि



जुलाना। रामकली गांव के सूर्य नमस्कार करते छात्र। फोटो :हरिभूमि

### सूर्य नमस्कार का महत्व बताया

जुलाना। जुलाना क्षेत्र के रामकली गांव में आयुष विभाग के तत्वावधान में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के छात्रों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार की विभिन्न क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग सहायक प्रियंका ने बताया कि यह कार्यक्रम आयुष विभाग की ओर से चलाया जा रहा है और आयुर्वेदिक जिला अधिकारी अमित रोहिल्ला के दिशा-निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। यह योग कार्यक्रम लगातार 30 दिनों तक चलेगा ताकि छात्र नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल कर सकें। योग सहायक प्रियंका ने छात्रों को सूर्य नमस्कार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योग अभ्यास से कई प्रकार की बीमारियों से बचाव होता है।



जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

### नशे के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया

जींद। डीएसपी कमलदीप राणा के नेतृत्व में गढी पुलिस द्वारा गांव रसीदां में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इसमें सनाइफर डॉग व बिजली निगम भी शामिल रहे। थाना प्रबंधक उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गांव रसीदा में नशा तश्करी की शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके संबध में भारी पुलिस बल के साथ नशा के खिलाफ तलाशी अभियान चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान सनाइफर डाग की मदद ली गई व 20 संदिग्ध घरों में तलाशी अभियान चलाया गया। इस मौके पर बिजली निगम भी साथ रहाए जिन्होने भी घरों में बिजली चोरी पकड़ कर करीब छह लाख रुपये का जुर्माना लगाया। उन्होंने बताया कि गांव रसीदां से लगातार नशा बेचने कि शिकायतें प्राप्त होने पर गांव रसीदा में चार पुलिस नाके लगाए गए हैं।

# चिकित्सकों की आवाज को उठाया जाएगा जोर-शोर के साथ : डा. ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल स्थित जिला प्रशिक्षण केंद्र में सभी चिकित्सकों ने एचसीएमएसए के नवनिर्वाचित प्रदेश महासचिव डा. विजेंद्र ढांडा का अभिनंदन किया व उनका मोमेंटो, गुलदस्ते एवं फूल मालाएं पहना कर सम्मान किया। इस सम्मान समारोह में सीएमओ डा. सुमन कोहली, डिप्टी सीएमओ डा. पालेराम कटारिया, डा. संदीप लोहान, डा. रमेश पांचाल, पीएमओ डा. रघुवीर पूनिया, डा. संदीप मलिक, डा. विशाल सांगवान, डा. मनदीप, डा. सनी, डा. अभिक आदि उपस्थित रहे। सभी डॉक्टरों ने डा. विजेंद्र ढांडा के महासचिव बनने पर बहुत ही बहुत ही खुशी जाहिर की और बताया कि जींद जिले से पहली बार कोई व्यक्ति राज्य कार्यकारिणी का सदस्य बना है और वह भी महासचिव जैसे महत्वपूर्ण पद पर आसीन हुए हैं। डा. विजेंद्र ढांडा ने कहा कि वह जिस तरीके से पिछले पांच सालों से जींद जिले के प्रधान के रूप में डॉक्टरों की आवाज उठाते रहे हैं, इस तरीके से अब वह पूरे हरियाणा के डॉक्टरों की आवाज बुलंद करेंगे। उन्होंने जिले के सभी डॉक्टरों का इस अभिनंदन समारोह के लिए धन्यवाद किया।



बिजेंद्र ढांडा का स्वागत करते हुए सीएमओ व अन्य चिकित्सक।



जींद। सेमिनार को संबोधित करते डा. प्रेम पूनम। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता सेमिनार का आयोजन

जींद। महर्षि जमदग्नि राजकीय कन्या महाविद्यालय पिल्लूखेड़ा में प्राचार्य मुनीश के निर्देशन में छात्राओं के मानसिक सशक्तिकरण हेतु सेमिनार का आयोजन किया। छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं घरेलू हिंसा से जुड़े मानसिक प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में डा. प्रेम पूनम सहायक प्रो मनोविज्ञान विभाग गवर्नमेंट कॉलेज जींद ने मेंटल हेल्थ इन एक्ट ऑफ डोमेस्टिक वायलेंस ऑन वूमेन तथा सेल्फ कॉन्फिडेंस, सेल्फ केयर एंड मेंटल हेल्थ विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि घरेलू हिंसा महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा नकारात्मक प्रभाव डालती है। इसके साथ ही सेल्फ कॉन्फिडेंसए सेल्फ केयर एवं मेंटल हेल्थ जैसे विषयों पर छात्राओं को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से मार्गदर्शन दिया।

## आधुनिक तरीकों से अवगत कराने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण

# जैविक खाद टिकाऊ खेती का मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) जींद द्वारा किसानों को जैविक खेती के आधुनिक तरीकों से अवगत कराने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य विषय जैविक खाद और तरल जैविक खाद का उपयोग एवं महत्व था। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक और मृदा वैज्ञानिक डा. धीरज पंघाल ने किसानों को मिट्टी की सेहत और उत्पादकता में किण्वित जैविक खाद (फोम) की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता और सेहत के लिए अत्यंत उपयोगी है। यह न केवल मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाती है बल्कि मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता में भी सुधार करती है। उन्होंने जैविक खाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह खाद न केवल रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करती है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ खेती को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने किसानों को खाद के उपयोग से होने वाले आर्थिक और पर्यावरणीय लाभों के बारे में भी बताया। इस अवसर पर डा. रवि, डा. पवन और डा. सुरेंदर मित्तल ने भी किसानों को जैविक खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि यह खाद कम लागत में अधिक उत्पादन देने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता को लंबे समय तक बनाए रखती है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को जैविक खाद और तरल खाद की तैयारी के व्यावहारिक तरीके भी सिखाए गए।



जींद। ट्रेनिंग में शामिल किसान। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण को सुरक्षित रखना उद्देश्य

किसानों को जैविक खेती के आधुनिक तरीकों से अवगत कराकर उनकी आय में वृद्धि करना और पर्यावरण को सुरक्षित रखना उनका मुख्य उद्देश्य है। किसानों से आह्वान किया कि वे जैविक खेती को अपना कर न केवल अपनी आय बढ़ाएं बल्कि पर्यावरण को भी सुरक्षित रखें।

# मामा के मकान को आग लगाने का किया प्रयास

- रुपये की डिमांड का आरोप, कैमरे की फुटेज देखने पर आरोपी दिया दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना में युवक को रुपये नही दिए तो खफा युवक ने रिश्ते के मामा के घर में तेल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश की। इत्तफाकिया इसकी भनक मकान मालिक को लग गई। जिस पर आरोपित फरार हो गया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर एक युवक के खिलाफ आगजनी की कोशिश करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। नरवाना निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती देर रात उसे अपने मकान के अंदर पेट्रोल गंध आई। जब वह बाहर आया तो दरवाजे पर पट्रोल छिड़का हुआ था। माचिस की तीलियां पड़ी थी। जब पड़ोसी को बुला कर लगे सीसीटीवी कैमरो की फूटेज देखी तो उसकी बीरबल नगर निवासी उसकी बहन के देवर का बेटा रोहित पैट्रोल छिड़क कर आग लगाने की कोशिश करता दिखाई दिया। जिसकी सूचना उसने बहनोई को दी। आरोपित ने ताऊ के बेटे को भी मामा के घर में आग लगाने के बारे में बताया था। आरोपित परिजनों पर प्रोपर्टी बेच कर रुपयों की डिमांड कर रहा था। शहर थाना नरवाना पुलिस ने राजेंद्र की शिकायत पर आरोपित रोहित के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**कैथल।** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में वीरवार को कैथल के लघु सचिवालय, विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सूर्य नमस्कार प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों कर्मचारियों व आमजन ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शकुंतला दहिया ने बताया कि लघु सचिवालय में आयोजित मुख्य कार्यक्रम जिला उपायुक्त अपराजिता के आदेशानुसार संपन्न हुआ।

### किए गए कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है

**पूंडरी।** पूंडरी के श्री सनातन धर्म शिव मंदिर में आयोजित श्री गायत्री महायज्ञ एवं माघ महात्म्य कथा के दौरान कथा प्रवचन करते हुए आचार्य मानसू भारद्वाज ने कर्म और उसके फल की गूढ़ व्याख्या की। उन्होंने पथिक, प्रेत, वानर और सारस के संवाद की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को जीवन में धर्म, सदाचार और अहिंसा का महत्व समझाया। आचार्य भारद्वाज ने बताया कि कथा में वानर और सारस के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि प्रत्येक प्राणी को अपने किए गए कर्मों का फल अवश्य भोगना पड़ता है।

### आदर्श स्कूल में मिलन समारोह ने दिलों को जोड़ा

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित मिलन समारोह केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि भावनाओं विश्वास और अपनत्व का सजीव उदाहरण बन गया। इस दौरान नरवल मिडिल स्कूल से आए विद्यार्थियों का स्वागत इतने स्नेह और सम्मान के साथ किया गया कि वातावरण पूरी तरह पारिवारिक बन गया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य मर्मस्पर्शी माइम और प्रेरणादायक नाटक ने सभी उपस्थित लोगों के दिलों को छू लिया।

### लघु नाटिका से दिया एड्स से बचाव का संदेश

**कैथल।** हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकूला व सिविल सर्जन कैथल के मार्गदर्शन में आईसीटीसी काउंसलर सीमा रानी व कविता के मार्गदर्शन में नाटक मंडली द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया तथा स्वास्थ्य विभाग कैथल द्वारा बच्चों का एचआईवी टेस्ट निःशुल्क किया गया। मंडल में रोहतास पेगा एंड पार्टी, टीम लीडर रोहतास, जय भगवान, रितु व फर्म, इरफान, किताब सिंह आदि कलाकार शामिल रहे।

### ओएसडीएवी में सड़क सुरक्षा के नियम बताए

**कैथल।** 29 जनवरी 2026 को ओएसडीएवी विद्यालय के प्रांगण में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना था, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कक्षा नौवीं की छात्रा गुंजन ने सड़क सुरक्षा पर बहुत ही सुंदर वक्तव्य प्रस्तुत किया जिसमें उन्होंने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने और जीवन को सुरक्षित बनाने के बारे में बताया।

### दसवीं कक्षा के लिए 'शेड्स ऑफ़ सक्सेस' पार्टी

**कैथल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया। कक्षा नौवीं की तरफ से कक्षा दसवीं के बच्चों को बोर्ड परीक्षा के लिए शुभकामना हेतु यह पार्टी रखी गई जिसे "शेड्स आफ सक्सेस" नाम दिया गया। इसमें बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गीत, नाटिका आदि प्रस्तुत किए। दसवीं कक्षा के बच्चों के मनोरंजन के लिए गेम्स भी रखी गई। कक्षा दसवीं के बच्चों को प्रेरित करते हुए अध्यापक वर्ग ने भी अपने विचार रखें।

## बरसात में तालाब बनी सड़क, हादसों का बढ़ रहा खतरा

# नगर का सौथा रोड हुआ बदहाल सीवरेज खुदाई ने बिगाड़ी हालत

**सीवरेज लाइन बिछाने के नाम पर इस सड़क को अब तक करीब 10 बार खोदा गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

नगर का सौथा रोड इन दिनों बदहाली की जीती-जागती तस्वीर बना हुआ है। सीवरेज लाइन बिछाने के नाम पर इस सड़क को अब तक करीब 10 बार खोदा और दोबारा बनाया गया, लेकिन समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। सड़क की स्थिति यह है कि बरसात हो या न हो, कई स्थानों पर हमेशा पानी जमा रहता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बरसात के दिनों में हालात और भी गंभीर हो जाते हैं। सड़क कई जगह से इतनी ऊंची बन गई है कि सामने से आने वाले वाहन को साइड देने के लिए चालकों को नीचे उतरना पड़ता है। इससे फिसलन और कीचड़ के कारण गिरने का खतरा बना रहता है, खासकर दो पहिया वाहन चालक रोज हादसों का शिकार हो रहे हैं।



सौथा रोड की बदहाल सड़क।

### गीता स्कूल चौक पर सबसे ज्यादा खतरा

गीता स्कूल के पास स्थित चौक पर स्थिति और भी विकट हो जाती है। यहां अत्यधिक कीचड़ और जलभराव के कारण रोजाना कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

### निकासी व्यवस्था नदारद लोग खुद हटाते हैं पानी

सौथा रोड पर रहने वाले लोग विशेषकर बरसात के मौसम में भारी संकट में हैं। पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने के कारण लोगों को झाड़ू और बाल्टी लेकर अपने घरों के सामने से पानी हटाना पड़ता है। सड़क पर बने व्यापारिक प्रतिष्ठानों के मालिक भी परेशान हैं, क्योंकि दुकानों के आगे कीचड़ और जलभराव के चलते ग्राहक दुकानों तक पहुंच ही नहीं पा रहे, जिससे व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है।

### निजी स्कूल तक पहुंचना भी मुश्किल

इस सड़क पर स्थित एक बड़े निजी स्कूल में सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली के कारण बच्चों, स्टाफ सदस्यों और अभिभावकों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अभिभावक बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं।

### दर्जनों गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग

सौथा रोड केवल एक मोहल्ले की सड़क नहीं, बल्कि यह सौथा, हरनोला, सैर, पहाड़पुर, जुनेदपुर, उमेदपुर सहित आसपास के दर्जनों गांवों और डेरों को नगर से जोड़ने वाला प्रमुख मार्ग है। सड़क की दुर्दशा के कारण अब इन गांवों के लोग सीवन आने से कतराने लगे हैं और कांगथाली जैसे अन्य स्थानों का रुख कर रहे हैं, जिससे सीवन के व्यापारियों को भी भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

### मौसम साफ होने के बाद फिर कार्य होगा शुरू

बरसात के चलते सड़क निर्माण कार्य को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा था। एसडीओ ने कहा कि मौसम साफ होते ही बहुत जल्द सड़क का निर्माण कार्य दोबारा आरंभ करवा दिया जाएगा। एसडीओ इंद्राज ने बताया कि सड़क का कुछ हिस्सा, विशेषकर स्कूल के पास का भाग, अभी बनाया जाना शेष है जिसे प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा कराया जाएगा। साथ ही जहां बरसात के दौरान पानी भरने की समस्या रहती है, उस हिस्से को दोबारा ऊंचा उठाकर बनाया जाएगा ताकि भविष्य में जलभराव की स्थिति न बने। उन्होंने आश्वासन दिया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा और आम जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जाएगी। विभाग द्वारा जल्द ही सड़क को दुरुस्त कर यातायात को सुचारू बनाया जाएगा।

**- इंद्राज, एसडीओ, जन स्वास्थ्य विभाग**

**लोगों की पीड़ा :** इस सड़क पर रहने वाले और रोजाना यहां से गुजरने वाले राजेश मुंजाल, शेर सिंह, रोहतास, मोतीराम, हरीश, हरबंस, हरिकिशन सहित अन्य लोगों का कहना है कि सड़क की खराब हालत ने उनका जीवन मुश्किल कर दिया है। पहले वे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग कर लेते थे, लेकिन अब वे रास्ते भी गड्ढों में तब्दील हो चुके हैं। किसान इसी रास्ते से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर अपने खेतों तक जाते हैं।

## शिविर में डीसी अपराजिता ने सुनी आमजन की शिकायतें



कैथल। डीसी अपराजिता समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

- अधिकारियों को दिए समाधान के निर्देश
- जन-समस्याओं का शीघ्र समाधान करे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें डीसी अपराजिता ने आमजन की शिकायत सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाली जन-समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए और किसी भी शिकायत को ज्यादा समय तक लंबित न रखा जाए। डीसी अपराजिता ने कहा कि समाधान शिविर नागरिकों को त्वरित न्याय और सरकारी सेवाओं से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। क्योंकि यहां पर सभी विभागों के अधिकारी एक साथ मौजूद होते हैं, जिससे आमजन को काफी सुविधा मिल रही है। डीसी ने कहा कि सतत जागरूकता एवं शीघ्र कार्रवाई से ही आमजन का भरोसा कायम होता है, अतः अधिकारी समाधान शिविर को गंभीरता से लें और जिम्मेदारी से जन शिकायतों का समाधान करें। शिविर में एडीसी सुशील कुमार, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीडीपीओ रितु लाठर, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमितेन्द्र श्योकंद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### ये पहुंची समस्याएं

शिविर के दौरान पट्टी अफगान निवासी रामधारी अपनी बुढ़ापा पेंशन कट जाने की शिकायत लेकर पहुंचे। अधिकारियों ने जांच करने के बाद बताया कि उनके परिवार पहचान पत्र में उनकी आय ज्यादा हो जाने के कारण उनकी पेंशन कट गई है। इनकम टैक्स रिपोर्ट में ज्यादा आय दिखाई गई है। इसी प्रकार प्योदा गांव निवासी शशि बाला अपनी विधवा पेंशन लगवाने के लिए समाधान शिविर में पहुंची। वहीं बरसाना निवासी सुनीता लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पेंशन लगवाने के लिए पहुंची। संबंधित विभाग के अधिकारियों ने उनके दस्तावेज लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी।

## विधायक सुरजेवाला ने किया रविदासिया चौपाल की चारदीवारी का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव दुंधरेहड़ी में रविदासिया समाज की लंबे समय से चली आ रही मांग आज पूरी हुई। रविदासिया चौपाल की चारदीवारी का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। कैथल से कांग्रेस के युवा विधायक आदित्य सुरजेवाला ने आज इस चौपाल का उद्घाटन किया।

यह परियोजना रविदासिया समाज और पूरे गांव के लिए सामाजिक एकता, धार्मिक गतिविधियों और सामुदायिक विकास का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगी। गौरतलब है कि कांग्रेस सरकार के दौरान, जब रणदीप सिंह सुरजेवाला कैथल के विधायक थे, तब उनके प्रयासों से इस चौपाल का मूल निर्माण हुआ था। आज उनके सुपुत्र विधायक आदित्य सुरजेवाला ने इसे आगे बढ़ाते हुए चारदीवारी का कार्य पूरा करवाया और उद्घाटन किया। आदित्य सुरजेवाला ने इस योगदान को गिलहरी की तरह योगदान देने वाला पल बताया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि रविदासिया समाज और ग्रामवासियों की 11 वर्ष से पुरानी मांग को पूरा करना मेरे लिए गर्व की बात है।



विधायक आदित्य सुरजेवाला चौपाल का उद्घाटन करते हुए

## जरूरतमंदों को जूते व जुराबें वितरित, ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर में सर्दी से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से एक सराहनीय सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत विद्यालय में अध्ययनरत लगभग 800 जरूरतमंद बच्चों को जूते व जुराबें वितरित की गईं। यह पहल गांव फतेहपुर के ग्रामीणों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर सरपंच सोहनलाल वर्मा ने कहा कि सर्दी के मौसम में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को जूते और जुराबों की विशेष आवश्यकता होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## कैथल में मनरेगा बचाओ संग्राम तेज

- कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामचंद्र ने ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा योजना को बचाने के लिए शुरू किया गया /"मनरेगा बचाओ संग्राम/" अभियान जोर-शोर से चल रहा है। कैथल जिले में कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड, मनरेगा बचाओ संग्राम/" अभियान के चेयरमैन कविराज शर्मा, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला व कलायत विधायक विकास सहारण की टीम और गुहला विधायक देवेन्द्र हंस ने स्वयं विधानसभा कैथल, कलायत, गुहला, पुंडरी क्षेत्र के अनेक गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को मनरेगा कानून के लाभों की जानकारी दी और केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित बदलावों से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। जिलाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर व चेयरमैन कविराज शर्मा ने गांवों में पहुंचकर ग्रामीण मजदूरों से सीधा संवाद किया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जागरूक रहें, अपने अधिकारों की रक्षा करें और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। यह योजना गाँवों में रोजगार, पलायन रोकने और आर्थिक मजबूती का प्रमुख साधन है लेकिन मौजूदा नीतियों के चलते इस योजना को कमजोर किया जा रहा है, जिसका सीधा असर ग्रामीण मजदूरों, किसानों और गरीब परिवारों पर पड़ रहा है।



कैथल। कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर ढांड मनरेगा मजदूरों को संबोधित करते हुए।



राजौंद। कार्यक्रम भाग लेते हुए विद्यार्थी व मौजूद स्टाफ। *फोटो : हरिभूमि*

### सेमिनार में शिक्षा के महत्व पर डाला प्रकाश

**राजौंद।** राजौंद किठाना कॉलेज शिक्षक शिक्षण विशेष परिदृश्यों के सन्दर्भ में मुद्दे व चुनौतियां विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डा निर्मल सिंगरोहा ने की। सेमिनार का उद्देश्य विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन, जागरूकता एवं व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना रहा। इस दौरान मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से जोगिंद्र सिंह यादव और प्राध्यापक व उप परीक्षा नियंत्रक चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा प्रो राजकुमार मौजूद रहे। उन्होंने अपने विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कॉलेज के चेयरमैन रामफल ढांडा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।एम डी विकास ढांडा ने इस तरह के सेमिनार को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्रकार के सेमिनार विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

## यूजीसी बिल 2026 में गंभीर कमियों को दूर करे केंद्र सरकार: कामरेड प्रेमचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- नियम केवल विश्वविद्यालयों व संबद्ध कॉलेजों तक सीमित होने पर आपत्ति

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद और कैथल जिला सचिव सतपाल आनंद ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से आग्रह करता है कि वह उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने वाले नियम, 2026 में मौजूद गंभीर कमियों को तुरंत ठीक करे। उन्होंने कहा कि ये नियम सभी यूजीसी से संबद्ध उच्च शिक्षा संस्थानों को भेदभाव से निपटने के लिए एक 'समानता समिति' गठित करने का आदेश देते हैं। हालांकि ऐसी समिति का गठन एक सकारात्मक कदम है, लेकिन इसके कार्यान्वयन पर कड़ी निगरानी रखी जानी चाहिए। ये नियम संविधान के अनुच्छेद 14 से निकले हैं और सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों के जवाब में हैं, जैसा कि 2012 के नियम थे, और इसलिए इन्हें अक्षरशः और उसी भावना से दोनों तरह से लागू किया जाना चाहिए। हालांकि, ये नियम केवल विश्वविद्यालयों और उनके संबद्ध कॉलेजों तक ही सीमित हैं और आईआईटी, आईआईएम, एम्स और अन्य समान निकायों जैसे केंद्रीय संस्थानों में लागू नहीं हैं। यह अनिवार्य है कि केंद्र सरकार इस गंभीर कमी को दूर करे और इन संस्थानों में भी प्रभावी समानता तंत्र लागू करे।



कैथल। कामरेड प्रेम चंद जानकारी देते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

## एकादशी व्रत से आत्मशुद्धि और पुण्य संचय का दिव्य अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन

सनातन परंपरा में एकादशी तिथि को विशेष आध्यात्मिक महत्व प्राप्त है। धार्मिक मार्गदर्शक, संत प्रवृत्ति के साधक, समाज को धर्म से जोड़ने वाले आध्यात्मिक वक्ता महंत अवध बिहारी दास ने एकादशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह व्रत मनुष्य को आत्मिक शुद्धि की ओर ले जाता है। एकादशी केवल उपवास नहीं बल्कि मन, विचार और व्यवहार को पवित्र बनाने का माध्यम है। इस दिन भगवान विष्णु की उपासना करने से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। शास्त्रों में भी एकादशी को पापों का नाश करने वाली तिथि बताया गया है। इस दिन किया गया जप, तप और दान कई गुना फल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि एकादशी व्रत व्यक्ति को संयम और अनुशासन सिखाता है। यह व्रत हमें भौतिक सुखों से ऊपर उठकर आध्यात्मिक शांति की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। इस दिन जरूरतमंदों की सहायता करना विशेष पुण्यदायक माना जाता है। उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा से किया गया व्रत भगवान तक पहुंचने का सरल मार्ग है।



महंत अवध बिहारी दास

## सांसद नवीन जिंदल द्वारा लगाया गया शिविर, निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की

# गांव कौल में स्वास्थ्य जांच शिविर में 1017 लोग हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड

गांव कौल में वीरवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा महिला मंडल परिसर में लगाए गए इस शिविर में कौल सहित आसपास के अनेक गांवों से आए 1017 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय सेवाओं का लाभ उठाया। साथ ही शिविर में आए सभी लोगों को निःशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गईं। यह शिविर सांसद नवीन जिन्दल द्वारा आरंभ किए गए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के तहत आयोजित तीसरा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर रहा। शिविर में विभिन्न प्रतिष्ठित अस्पतालों से आए सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों की टीम ने लोगों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराईं। स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग, दंत रोग, स्त्री रोग, स्तन कैंसर स्क्रीनिंग, सामान्य स्वास्थ्य जांच तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से अनेक रोगों की जांच की गई। विशेष रूप से किशोरी एक्सप्रेस के माध्यम से 8 से 18 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों में एनीमिया और पोषक तत्वों की कमी की जांच की गई। चिकित्सकों ने किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए भविष्य में मातृत्व से जुड़ी जटिलताओं से बचाव के उपाय भी बताए। शिविर में स्वास्थ्य लाभ लेने आए लोगों से मिलने के लिए विधायक सतपाल जांबा भी मौके पर पहुंचे।




ढांड। विधायक सतपाल जांबा को तिरंगा देकर सम्मानित करते रविंद्र धीमान व अन्य।

### स्वास्थ्य के प्रति किया जा रहा जागरूक

विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल की सोच है कि स्वस्थ समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल निःशुल्क जांच और उपचार मिल रहा है, बल्कि उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग भी किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए लोगों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। सांसद कार्यालय प्रभारी रविंद्र धीमान ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल का लक्ष्य एक स्वस्थ और जागरूक कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का निर्माण करना है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेत्री निधि मोहन, नरेश सरपंच कौल, कश्मीर सरपंच पबनावा, करमवीर कौल जिला परिषद चेयरमैन, विजेंद्र मेहला, कृष्ण जाजनपुर, प्रमोद चुहडमाजरा, जसबीर सोलूमाजरा, श्यामसुंदर पूर्व सरपंच कौल, रमेश कौल, शुभम ऐरी, राजिंद्र राजपूत, अरविंद गोलन, कर्मवीर सिसोदिया और वीरेंद्र सारण आदि उपस्थित रहे।

## रिटायर्ड कर्मचारी के खाते से 30 हजार निकाले

**कैथल।** चीका में एक रिटायर्ड कर्मचारी के खाते से 30 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आया है। आरोपी ने बैंक की एप एक्टिवेट करने के नाम पर पीड़ित के खाते की डिटेल ली। बाद में उसके खाते से राशि निकाल ली। इस संबंध में रिटायर्ड कर्मचारी ने पुलिस को शिकायत दी है। चीका थाना पुलिस को दी शिकायत में केशव नगर वार्ड नंबर आठ चीका के श्यामलाल ने बताया कि वह शिक्षा विभाग से रिटायर्ड कर्मचारी है। उसका एसबीआई बैंक पटियाला रोड चीका में खाता है, जिसके साथ उसका मोबाइल नंबर पंजीकरण है। वह अपने मोबाईल में बैंक की योनो एप चलाता है। कुछ दिन पहले उसने नया मोबाइल लेकर उसमें योनो एप डाउनलोड की और बैंक को एक्टिवेशन रिक्वेस्ट डाली।

## खबर संक्षेप

### शहीदों की स्मृति में आज दो मिनट मौन रखेंगे

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिले भर में दो मिनट का मौन रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम लघु सचिवालय जींद, रानी तालाब जींद, पटियाला चौक जींद एवं देवीलाल चौक जींद पर आयोजित किए जाएंगे।

### जमनालाल पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**जींद।** जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा रोहिल्ला ने बताया कि जमनालाल बजाज पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जमनालाल बजाज फाउंडेशन मुंबई द्वारा यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाता है, जिसकी पुरस्कार राशि 20 लाख रुपये है। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों और संस्थाओं को दिया जाता है जो गांधीवादी विचारधारा, रचनात्मक कार्य और सामाजिक कल्याण में योगदान दे रहे हैं।

### गूगल पे में डाले रुपये न देने पर मामला दर्ज

**कैथल।** अज्ञात के गूगल पे में गलती से डाले रुपये वापिस न देने के आरोप में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। इस मामले की सजूमा निवासी व्यक्ति ने कलायत थाना में शिकायत दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस किया है। सजूमा निवासी पालाराम कश्मीरा नरवलगढ़/बाता के दोस्त 31 दिसंबर को उसने बीस हजार रुपये गूगल पे करने थे। उसने गलती से दूसरे नंबर पर रुपये डाल दिए।

### नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से किया दुष्कर्म

**कैथल।** करीब 38 वर्षीय अविवाहित महिला से कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत में बताया कि वह एक निजी अस्पताल में हेल्पर है। अक्तूबर 2022 में उसकी पहचान ऑटो चालक रोहित से हुई। आरोपी ने उसे शादी का झांसा दिया और होटल में ले जाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। बाद में पता चला कि वह पहले से ही शादीशुदा था।

### महिला प्रकोष्ठ की तीन दिवसीय कार्यशाला शुरू

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित "स्किन वेलनेस एवं कॉस्मेटोलॉजी करियर विकास हेतु कौशल" विषयक तीन दिवसीय कार्यशाला का प्रथम सम्पन्न हुआ। यह कार्यशाला प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक आयोजित की जा रही है, जिसमें छात्राओं को सौंदर्य एवं त्वचा देखभाल से संबंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

### कमेटी चौक रोड पर डीसी ने लिया संज्ञान

**कैथल।** शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में शुमार कमेटी चौक रोड की खराब हालत को लेकर डीसी अपराजिता ने कड़ा संज्ञान लिया है। सड़क पर बने गड्ढों और जलभराव के कारण आमजन को हो रही परेशानियों को देखते हुए डीसी ने लोक निर्माण विभाग और नगर परिषद के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के कड़े निर्देश जारी किए।

### पशु चोरी मामले में एक वांछित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना ढांड के अंतर्गत एक गांव से चोरी हुए पशु मामले की जांच थाना ढांड एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एचसी नरेंद्र सिंह द्वारा करते हुए आरोपी गांव बेगी नाजर जिला सहारनपुर यूपी निवासी इंतजार को गिरफ्तार कर लिया गया।

### स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

**कैथल।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कौल में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं तथा केंद्र की व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

---

## निजी स्कूल 15 फरवरी तक दर्ज करवा सकते हैं दाखिले को लेकर सहमति

# चिराग स्कीम के तहत शेड्यूल जारी, छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थी ले सकते हैं दाखिला

**10 मार्च से नोटिस बोर्ड पर खाली सीटों की जानकारी देनी होगी**

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

मान्यता प्राप्ति विद्यालयों में चिराग स्कीम के तहत छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी हुआ है। इसके लिए विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों के नाम पत्र जारी किया है। जारी पत्र के अनुसार मान्यता प्राप्त निजी स्कूल चिराग स्कीम के अंतर्गत विद्यार्थियों के दाखिले करने बारे अपनी सहमति विभाग की वेबसाइट पर 29 जनवरी से 15 फरवरी तक दर्ज करवा सकते हैं। विद्यालयों की कक्षा अनुसार घोषित सीटों का विवरण विभाग द्वारा विभागीय वेबसाइट/पोर्टल पर दर्शाया जाएगा व संबंधित विद्यालय 10 मार्च से नोटिस बोर्ड पर खाली सीटों की जानकारी प्रदर्शित करेगा। अभिभावक व छात्र सहमत मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 13 मार्च से 30 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं। जिन विद्यालयों में सीटों से ज्यादा आवेदन प्राप्त होंगे तो उस स्थिति में दाखिले के लिए लाटरी के माध्यम से एक अप्रैल से पांच अप्रैल की अवधि में ड्रा निकाले जाएंगे। संबंधित अभिभावकों को लाटरी ड्रा निकालने की तिथि व समय बारे सूचित करेंगे और उनकी उपस्थिति में ड्रा निकाला जाएगा। निजी विद्यालय प्राप्त आवेदनों पर एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक दाखिले की प्रक्रिया पूरी करेंगे व सफल छात्रों की सूची विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर दर्शाएंगे।

लाटरी ड्रा के बाद मुख्य सूची में सफल छात्रों द्वारा निर्धारित तिथि तक दाखिला नहीं लेने पर उनकी रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के छात्रों के दाखिले 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक किए जाएंगे। इस दौरान विद्यालयों द्वारा दाखिल विद्यार्थियों का विवरण विभागीय पोर्टल पर एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक दर्ज कराना आवश्यक होगा।



**जींद।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय। *फोटो : हरिभूमि*

### खाली सीटों की जानकारी दें

जिला शिक्षा अधिकारी रितू पंघाल ने बताया कि पहले निजी स्कूलों को विभाग की साइट पर खाली सीटों की जानकारी देनी होगी। इसके बाद मार्च माह में अभिभावक व विद्यार्थी पोर्टल पर निजी स्कूल में दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। चिराग योजना के तहत विद्यालय शिक्षा निदेशालय द्वारा निजी विद्यालयों में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का दाखिले को लेकर शेड्यूल जारी हुआ है।

### दाखिले के लिए यह होंगे पात्र

इस स्कीम के तहत केवल वे छात्र पात्र होंगे जिन्होंने शैक्षणिक वर्ष में अपनी शिक्षा सरकारी विद्यालयों से प्राप्त या उत्तीर्ण की होगी। छात्र दाखिले के लिए केवल उसके वर्तमान खंड जिसमें वे पढ़ रहे हैं, उसी खंड के मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में उपलब्ध सीटों पर दाखिले के लिए पात्र होंगे। वे खंड में एक से अधिक विद्यालयों में भी दाखिले के लिए आवेदन कर सकते हैं। जिस मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय को अभिभावक या छात्र द्वारा आवेदन पत्र दिया जाएगा वे विद्यालय अभिभावक व छात्र को रसीद अवश्य देगा। सफल छात्र का पिछले सरकारी विद्यालय से स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट लिया जाना अनिवार्य होगा। दाखिले के लिए बच्चे की परिवार पहचान पत्र का होना अनिवार्य है। जिसमें परिवार की वार्षिक आय आठ लाख रुपये व उससे कम होनी चाहिए। फीस प्रतिपूर्ति राशि के लिए यही मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय पात्र होगें। जिन द्वारा फार्म छह में अपने विद्यालय की फीस राशि चालू सत्र के लिए पोर्टल पर दर्शायी गई होगी। दाखिल होने वाले छात्रों का डाटा एमआइएस के तहत अपडेट किया जाएगा व दाखिल होने वाले छात्रों की सूचना विभाग को दाखिले की अंतिम तिथि के 15 दिनों के अंदर-अंदर भेजनी होगी।

### दाखिला अवधि में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी होंगे नॉमिनी

दाखिला अवधि में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संबंधित विद्यालयों में विभागीय नॉमिनी नियुक्त करेंगे। इसके लिए यह विद्यालय के नजदीक के खंड शिक्षा अधिकारी या सरकारी विद्यालय के किसी प्राचार्य, मुख्याध्यापक, पीजीटी अध्यापक में से किसी एक को नियुक्त कर सकता है। प्राइवेट मान्यता प्राप्त विद्यालयों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के जिन छात्रों के अभिभावकों की वार्षिक आय आठ लाख रुपये मानव संसाधन विभाग चंडीगढ़ के वर्तमान जारी पत्र क्रमांक अनुसार व उससे कम होगी, उन्हीं छात्रों को दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा और वह आय परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय से मान्य होगी।

---


**ढांड।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ढांड में सड़क हादसे के पीडितों से मिलते हुए।

## दो भक्तों की मौत पर जताया शोक

# मंत्री कृष्ण पंवार ढांड में शोकाकुल परिवार से मिले

- लाइब्रेरी हॉल के लिए 11 रुपये लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने गांव ढांड पहुंचकर रविदास समाज में घटित एक दुखद घटना के संबंध में पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें हरियाणा सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि आज ही हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार से ढांड में घटित हुई इय घटना के बारे में अवगत करवाया था। जिस पर मंत्री पंवार चंडीगढ़ से सीधा ढांड पीड़ित परिवार से मिलने के लिए अशोक गुर्जर के साथ पहुंचे। इस अवसर पर गुरु रविदास कमेटी द्वारा समाज के लिए एक लाइब्रेरी हॉल निर्माण की मांग रखी गई। मंत्री पंवार ने मौके पर ही 11 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, भाजपा वरिष्ठ नेता डी.डी. शर्मा, विजेंद्र मैहला जडौला, डीएसपी बीरभान, एसएचओ ढांड सुनील कुमार, सुरेश संधू, सरपंच जसवीर गुर्जर, राजेंद्र गुर्जर, कृष्ण, बलिराम पठानिया, बलकार गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

बता दें कि गत दिनों ढांड में संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती के अवसर पर प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। पूंडरी रोड पर तेज रफ्तार से आ रही एक कार ने श्रद्धालुओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि महिलाओं और पुरुषों समेत करीब 15 से 20 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दर्दनाक दुर्घटना में एक महिला 60 वर्षीय दर्शना देवी व एक लड़की प्रियंका 24 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई थी।

---

# स्नेहा व अंकिता को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव करोड़ा की दसवीं की छात्रा स्नेहा शर्मा और 12वीं की छात्रा अंकिता को प्रमोद शर्मा स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इन दोनों छात्राओं ने बीते सत्र में गांव में टॉप किया था। स्नेहा शर्मा पुत्री प्रवीण कुमार ने दसवीं में 500 में से 493 कुल 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जबकि अंकित पुत्री नसीब ने बारहवीं में 500 में से 475 कुल 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। आपको बता दें कि प्रमोद शर्मा इसी स्कूल में गेस्ट टीचर थीं। नौ वर्ष पूर्व उनकी मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके पिता श्री नौहरिया राम शर्मा ने ये पुरस्कार शुरू किए थे जो हर वर्ष 10वीं और 12वीं की टॉपर छात्राओं को दिए जाते हैं। पुरस्कार के रूप में नगद राशि और शील्ड प्रदान की जाती है।


**कैथल।** छात्राओं को सम्मानित करते हुए अमरजीत और महेन्द्र हरित।

### प्रमोद शर्मा के बड़े भाई ने पुरस्कृत किया

प्रमोद शर्मा के बड़े भाई महेंद्र पाल हरित और स्कूल के प्रिंसिपल अमरजीत मान ने ये पुरस्कार छात्राओं को प्रदान किए। इस अवसर पर गंगाराज करोड़ा, आनंद शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य रघुबीर शर्मा, गुगन सिंह, शिव कुमार, विनोद शर्मा आदि भी उपस्थित थे।

---

# रिद्धिमा बनी किक बॉक्सिंग में नंबर वन

- वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन द्वारा जारी रैंकिंग में पाई पहली रैंक

हरिभूमि न्यूज ⏭उचाना


रिद्धिमा कौशिक।

हाल में जारी की गई वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन द्वारा वल्ड रैंकिंग में बांगर की बेटी रिद्धिमा कौशिक ने पहली रैंकिंग प्राप्त कर बांगर के साथ देश, प्रदेश का नाम रोशन किया। किक लाइट 55 किलोग्राम में पहली रैंकिंग प्राप्त की तो किक लाइट 60 किलोग्राम में भी पहली रैंकिंग प्राप्त की है। वल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग आग्रेनाइजेशन द्वारा हर कुछ माह बाद ये टॉप टेन की रैंकिंग जारी की जाती है। अब तक इस रैंकिंग में इंडिया के किसी खिलाड़ी ने पहली रैंकिंग प्राप्त नहीं की है। बांगर की बेटी ने ये उपलब्धि प्राप्त करके पूरी दुनिया में बांगर, इंडिया का नाम रोशन करने का काम किया है। रिद्धिमा अलग-अलग वर्गों में प्रथम रैंकिंग प्राप्त करने वाली इंडिया की पहली खिलाड़ी बनी। पोती की इस उपलब्धि पर दादा ओमप्रकाश भौंगराए पिता सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि बेटी ने बांगर क्षेत्र का नाम पूरी दुनिया में रोशन करने का काम किया है। बेटी आज बेटों से कम नहीं है। शुरू से ही बेटे की तरह दोनों बेटियों को खेल में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया। निरंतर किक बॉक्सिंग के खेल में गोल्ड मेडल जीत कर दोनों बेटियां नाम रोशन कर रही है।



वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग आर्गेनाइजेशन द्वारा जारी रैंकिंग।

### 50 से अधिक मेडल जीते

विधिका कौशिक, रिद्धिमा कौशिक ने बीते 10 साल में 50 से अधिक गोल्ड मेडल जीते है। रिद्धिमा कौशिक ने कहा कि हमेशा दादा, पिता, माता ने खेलों में लिए प्रोत्साहित किया है। ताजा जो रैकिंग वल्ड एसोसिएशन ऑफ किक बॉक्सिंग आग्रेनाइजेशन द्वारा जारी की है उसमें नंबर 1 रैकिंग मिली है। वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फैडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए रिद्धिमा कौशिक के उज्जवल भविष्य की कामना की।

---

# नई नीति के विरोध में सरपंच संगठन एकजुट

- मुख्यमंत्री के नाम विधायक सतपाल जांबा को ज्ञापन सौंपा
- बीडीपीओ प्रतिनिधि प्रवीण कुमार को भी ज्ञापन दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

पूंडरी ब्लॉक के सरपंच संगठन ने ग्राम सभा की नई नीति के विरोध में एकजुट होकर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। सरपंच एसोसिएशन के प्रधान नरेंद्र सिंह बाकल की सहमति से उनके बाहर होने के कारण उप-प्रधान दिनेश करोड़ा के नेतृत्व में सरपंचों ने यह ज्ञापन विधायक सतपाल जांबा को सौंपा। इस अवसर पर सरपंच लाभ सिंह जांबा भी मौजूद रहे। पुंडरी ब्लॉक के समस्त सरपंचों द्वारा बीडीपीओ प्रतिनिधि एवं पंचायत अधिकारी प्रवीण कुमार को भी ज्ञापन दिया गया। सरपंचों ने एक स्वर में मांग की कि ग्राम सभा की नई नीति में आवश्यक एवं व्यवहारिक सुधार किए जाएं तथा पूर्व में लागू पुरानी ग्राम सभा नीति को पुनः प्रभावी रूप से लागू किया जाए। इस विरोध कार्यक्रम में सरपंच संगठन के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और पूर्ण एकजुटता के साथ अपनी मांगों को रखा। विधायक सतपाल जांबा ने सरपंचों को आश्वासन दिया कि वे इस विषय पर शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान कराने का प्रयास करेंगे।


**पूंडरी।** पूंडरी ब्लॉक के सरपंच विधायक सतपाल जांबा को ज्ञापन सौंपते हुए।

### यह बताई दिक्कत

सरपंचों का कहना है कि वर्तमान नई ग्राम सभा नीति के तहत विकास कार्यों के क्रियान्वयन में अनेक व्यवहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं। ग्राम सभाओं में अपेक्षित संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति न होने के कारण सभाएं सफल नहीं हो पा रही हैं, जिससे पंचायत व्यवस्था के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न हो रही है और ग्रामीण विकास प्रभावित हो रहा है।

---

# व्यायाम का महत्व समझाया

- हिंदू कन्या कॉलेज में हुआ मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

हिंदू कन्या कालेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता रिहैनिलिटेशन काउंसलिंग ऑफ इंडिया नई दिल्ली के मनोवैज्ञानिक नरेश जागलान रहे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डा. नरेश जागलान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने जीवन में नियमित व्यायाम, ध्यान और सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। अपने मन की भावनाओं को दोस्तों और परिवार से सांझा करने में संकोच नहीं करना चाहिए। क्योंकि बात करने से ही समस्या सुलझती है।


**जींद।** जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते नरेश जागलान। *फोटो : हरिभूमि*

### मानसिक स्वास्थ्य बेहद अहम

कार्यक्रम की नोडल ऑफिसर डा. पिंकी ने छात्राओं को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना शारीरिक स्वास्थ्य। हमें इसे प्राथमिकता देनी चाहिए और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति की सदस्या डा. रश्मि ने भी अपने विचार सांझा किए। इस अवसर पर छात्राओं ने अपने विचार सांझा किए और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े अपने अनुभव बताए। इस कार्यक्रम में स्टाफ सदस्या डा. नीलम व सुरभि उपस्थित रहे।

---

## इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में भारतीय संस्कृति दर्शन और जीवन मूल्यों पर कार्यक्रम

**पंच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम**

# नृत्य कर बच्चों ने समझाया- ब्रह्मांड व मानव शरीर पांच तत्वों से निर्मित

हरिभूमि न्यूज ⏭जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में भारतीय संस्कृति दर्शन और जीवन मूल्यों को उजागर करने के उद्देश्य से पंच तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी विषय पर आधारित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसकी शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ से की गई। इसमें इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के कोऑर्डिनेटर प्रवीण परुथी, निदेशिका रचना श्योराण, प्राचार्या अरुणा शर्मा, उप प्राचार्य प्रवीण कुमार और मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर शामिल हुए। विद्यार्थियों ने प्रस्तुति के माध्यम से यह दर्शाया कि संपूर्ण ब्रह्मांड और मानव शरीर पांच तत्वों से निर्मित है और प्रत्येक तत्व की विशेषताओं, उनकी शक्ति और मानव जीवन में उनकी भूमिका को संजीव अभिनय के माध्यम से प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि प्रवीण परूथी ने अभिभावकों से अपील की कि यदि हम पांच तत्वों के साथ संतुलन बना कर जीवन व्यतीत करें तो पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवन संभव है।



**जींद।** कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए बच्चे। *फोटो : हरिभूमि*

### अभिभावक भी बच्चों को समय दें : श्योराण

निदेशक सुभाष श्योराण ने कहा कि बच्चों के चहुंमुखी विकास के लिए स्कूल के साथ-साथ अभिभावकों को भी आदर्श बन कर बच्चों का मार्गदर्शन करना चाहिए। जिससे वे संस्कारी बन सके। प्राचार्या अरुणा शर्मा ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को समय देना चाहिए और बच्चों को नैतिक मूल्यों के बारे में सिखाना चाहिए। अंत में मुख्य अध्यापिका गुरमीत कौर ने निमंत्रित पदाधिकारियों और सभी अभिभावकों को उनकी उपस्थिति व उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

---

# लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए : एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

पुलिस अधीक्षक उपासना द्वारा वीरवार को पुलिस लाइन कैथल में एक महत्वपूर्ण अपराध गोष्ठी एवं कल्याण गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में डीएसपी बीरभान, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी ललित कुमार, डीएसपी गुरविंद्र सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश सहित सभी थाना एवं चौकी प्रभारी तथा विभिन्न क्राइम यूनिटों के प्रभारी उपस्थित रहे। गोष्ठी के दौरान जिले में दर्ज मामलों की गहन समीक्षा की गई।

विशेष रूप से अनुसंधानाधीन अभियोगों के प्रतिशत, लंबित मामलों तथा उनके लंबित रहने के कारणों पर विस्तार से चर्चा की गई।


**कैथल।** एसपी उपासना पुलिस अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके। साथ ही सीलिंग प्लान के अंतर्गत नाकाबंदी, रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान स्पेशल टारगेट पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।